दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

दुकान से 120 लीटर नकली घी पकड़ा / दुकान से 120 लीटर नकली घी पकड़ा

Moga News - बाजाखाना पुलिस व वेरका के मार्केटिंग अधिकारी अमरजीत सिंह, जरनल मैनेजर वेरका हरजिन्दर सिंह, फूड सेफ्टी अधिकारी...

Apr 11, 2018, 02:55 AM IST

बाजाखाना पुलिस व वेरका के मार्केटिंग अधिकारी अमरजीत सिंह, जरनल मैनेजर वेरका हरजिन्दर सिंह, फूड सेफ्टी अधिकारी फरीदकोट मुक्कल गिल, पीडीएफए अध्यक्ष दलजीत सिंह सदरपूरा तथा पीडीएफए सदस्य रेशम सिंह ने संयुक्त रूप से गांव बरगाड़ी के बठिंडा रोड पर हेमराज उर्फ हैप्पी की करियाना दुकान पर दबिश देकर 120 लीटर वेरका ब्रांड का मार्का लगा नकली घी बरामद किया। वेरका ब्रांड कम्पनी को सूचना मिली थी कि उक्त करियाना दुकानदार वेरका के नाम पर नकली डब्बे तैयार करके वेरका का मार्का लगाकर नकली घी बेचता है। बाजाखाना पुलिस के थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि आरोपी दुकानदार के खिलाफ 420/272 आईपीसी, 103/104 ट्रेड मार्केटिंग एक्ट 1999 के तहत मुकदमा नंबर 37 दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। (चावला)

Source: https://www.bhaskar.com/news/latest-moga-news-025503-1450096.html